भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौखिक प्रश्न सं. 65

गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार

65 श्री पबित्र मार्गेरिटा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के फलस्वरूप धार्मिक पर्यटन को कितना बढ़ावा मिलने का अनुमान है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

श्री पबित्र मार्गेरिटा द्वारा धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार के संबंध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 65 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने देश में चिह्नित तीर्थस्थलों में पर्यटन अवसंरचना और पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए वर्ष 2015 में 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रसाद)' की शुरूआत की थी । इस योजना का नाम प्रसाद से बदलकर अक्तूबर 2017 में ''तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)'' कर दिया गया है । प्रशाद योजना के अंतर्गत 1631.93 करोड़ रु. की राशि से कुल 46 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है और विकास हेतु 27 नए स्थल चिह्नित किए गए हैं ।

मंत्रालय ने देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों के विकास के लिए वर्ष 2015 में 'स्वदेश दर्शन' योजना की भी शुरूआत की थी । स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पर्यटक परिपथों के विकास के लिए 15 थीमों को चिह्नित किया गया । धार्मिक/आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए बौद्ध परिपथ, कृष्ण परिपथ, रामायण परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ और तीर्थंकर परिपथ के तहत परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । स्वदेश दर्शन योजना की उपरोक्त थीमों के अंतर्गत 1375.43 करोड़ रु. की राशि से कुल 23 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है । इसके अतिरिक्त स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत विकास हेतु धार्मिक/आध्यात्मिक गंतव्यों सहित 57 नए गंतव्य चिह्नित किए गए हैं ।

उपरोक्त योजना के अंतर्गत विकास हेतु शुरू किए गए घटकों में तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी), फूड कोर्ट/कैफेटेरिया/प्रशादम काउंटर, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, कतार प्रबंधन परिसर, इंटरप्रिटेशन सेंटर, प्रसाधन ब्लॉक, पार्किंग सुविधाएं, वॉटर/सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं । प्रशाद तथा स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और विकास हेतु चिह्नित स्थलों/गंतव्यों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन अवसंरचना के विकास के अतिरिक्त धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है । पर्यटन मंत्रालय ने उत्सव पोर्टल की शुरूआत की है जिसमें 1200 से अधिक समारोहों और त्योहारों का विवरण तथा 50 से अधिक लाइव दर्शन उपलब्ध हैं । धार्मिक पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय की अतुल्य भारत वेबसाइट पर देश के धार्मिक स्थलों और गंतव्यों से संबंधित विवरण उपलब्ध है ।

(ग): मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 'अयोध्या का विकास' परियोजना को 127.21 करोड़ रु. के बजट के साथ स्वीकृति दी थी । इस परियोजना के तहत विकसित प्रमुख घटकों में राम कथा गैलरी में पार्किंग का विकास, अयोध्या बस स्टैंड में विकास कार्य, राम की पैड़ी में अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था, गुप्तारघाट पर घाट और पार्किंग का विकास, लक्ष्मण किला घाट में घाट का विकास, सौर प्रकाश-व्यवस्था, अयोध्या शहर में बुर्ज तथा सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, पंचकोशी परिक्रमा में पर्यटक शेल्टर आदि शामिल हैं । उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के दिन से दिनांक 05.02.2024 तक 27.80 लाख यात्रियों ने अयोध्या के राम मंदिर की यात्रा की है ।

*****

अनुबंध

श्री पबित्र मार्गेरिटा द्वारा धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार के संबंध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 65 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

1. प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**क्र. सं.**	**परियोजना**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**
आंध्र प्रदेश	1	अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77	27.77
	2	श्रीसैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08	43.08
	3	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04	13.69
अरुणाचल प्रदेश	4	परशुराम कुंड का विकास	2020-21	37.88	21.95
असम	5	कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80	29.80
बिहार	6	पटना साहिब का विकास	2015-16	41.54	33.23
	7	विष्णुपद मंदिर में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2014-15	4.27	2.91
छत्तीसगढ़	8	माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2020-21	48.44	32.13
गुजरात	9	द्वारका का विकास	2016-17	13.08	10.46
	10	सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36	45.36
	11	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	2018-19	47.12	47.12
	12	सोमनाथ मंदिर में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थयात्री प्लाजा का विकास	2021-22	49.97	0.00
	13	अम्बाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00	10.54
हरियाणा	14	माता मंशा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	2019-20	48.53	34.68
जम्मू एवं	15	हजरतबल दरगाह का विकास	2016-17	40.46	34.30

कश्मीर					
झारखंड	16	बाबा बैद्यनाथजी धाम का विकास	2018-19	36.79	34.95
कर्नाटक	17	श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2023-24	45.71	0.00
केरल	18	गुरुवायूर मंदिर का विकास	2016-17	45.19	45.19
मध्य प्रदेश	19	अमरकंटक का विकास	2020-21	49.99	24.83
	20	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	43.93	43.93
महाराष्ट्र	21	त्रियंबकेश्वर का विकास	2017-18	52.92	29.84
मेघालय	22	नोंग्सवालिया चर्च, नारतियांग शक्ति पीठ, एतनर पूल और चरनताला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2020-21	29.29	24.92
मिज़ोरम	23	चितेवंग, जुआंगताई, रेईक और आईजॉल में तीर्थयात्रा एवं विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	2022-23	44.89	6.52
नागालैंड	24	मोलूंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, एइजूटो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा संबंधी अवसंरचना का विकास	2018-19	25.26	21.33
	25	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा संबंधी पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	18.18	5.45
ओडिशा	26	पुरी में अवसंरचना विकास	2014-15	50.00	10.00
पंजाब	27	अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40	6.40
	28	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57	17.49
राजस्थान	29	पुष्कर /अजमेर का समेकित विकास	2015-16	32.64	26.11
सिक्किम	30	युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	33.32	28.31
तमिलनाडु	31	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	13.99
	32	वेलंकनी का विकास	2016-17	4.86	4.86
तेलंगाना	33	जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास	2020-21	38.90	13.76
	34	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	62.00	12.82
	35	भद्राचलम में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2022-23	41.38	8.43
त्रिपुरा	36	त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास	2020-21	37.80	25.62

उत्तर प्रदेश	37	वाराणसी का विकास -चरण-I	2015-16	18.73	18.73
	38	मेगा पर्यटन परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	10.98	10.98
	39	वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02	9.02
	40	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	2014-15	9.36	9.36
	41	वाराणसी का विकास - चरण II	2017-18	44.60	31.77
	42	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59	30.97
उत्तराखण्ड	43	केदारनाथ का समेकित विकास	2015-16	34.77	34.77
	44	बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.15	20.79
	45	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा संबंधी अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि	2021-22	54.36	14.06
पश्चिम बंगाल	46	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03	23.39
		कुल		**1631.93**	**995.63**

2. प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए चिह्नित नए स्थलों की सूची:

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना/विषय**
1	आंध्र प्रदेश	अन्नावरम, जिला काकीनाडा
2	आंध्र प्रदेश	वेदगिरी लक्ष्मी नरसिम्हावामी मंदिर, जिला नेल्लोर
3	बिहार	सिमरिया घाट, जिला बेगूसराय
4	बिहार	आमी मंदिर, जिला सारण
5	छत्तीसगढ़	कुदरगढ़ मंदिर, जिला सूरजपुर
6	गोवा	बोम जीसस, जिला ओल्ड गोवा
7	गुजरात	श्री नीलकंठमहादेव मंदिर, सुनक, जिला महेसाणा
8	हिमाचल प्रदेश	माँ चिंतपूर्णी मंदिर, जिला ऊना
9	जम्मू और कश्मीर	उत्तरबेहनी और पुरमंडल, जिला सांबा
10	कर्नाटक	श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर, सौदात्ती, जिला बेलगावी
11	कर्नाटक	पापनाश मंदिर, जिला बीदर
12	मध्य प्रदेश	श्री पीतंबरा पीठ, जिला दतिया
13	मध्य प्रदेश	शनिदेव मंदिर, जिला मुरैना

16	महाराष्ट्र	श्री क्षेत्र राजूर, गणपति मंदिर, जिला जालना
15	महाराष्ट्र	तुलजापुर, जिला धाराशिव
14	महाराष्ट्र	श्री घुष्णेश्वर शिवालय, जिला छत्रपति संभाजीनगर
17	मिजोरम	वांगछिया, जिला चम्फाई
18	ओडिशा	चौसठ योगिनी मंदिर, रानीपुर, झरियाल, जिला बलांगीर
19	पुडुचेरी	नवगृह मंदिर- श्री धरबरन्येश्वर मंदिर और आध्यात्मिक पार्क, जिला कराईकल
20	पंजाब	दुर्ग्याना मंदिर, जिला अमृतसर
21	राजस्थान	श्री करणी माता मंदिर, जिला बीकानेर
22	राजस्थान	सूर्य मंदिर, बुढ़ाहिता, जिला कोटा
23	तमिलनाडु	तमिलनाडु में 8 स्थानों पर नवगृह मंदिर • श्री कैलासनाथर मंदिर, थिन्गालूर, जिला तंजावुर • गुरु भगवान मंदिर, अलंगुडी, जिला तंजावुर • श्री नागनाथर मंदिर, तिरुनागेश्वरम, जिला तंजावुर • श्री सूर्यनार मंदिर, तिरुविदैमारुतूर, सूर्यनारकोविल, जिला तंजावुर • श्री अग्नीश्वरर मंदिर, कंजानूर, जिला तंजावुर • श्री वैथीश्वरन मंदिर, वैथीस्वरन कोविल, जिला मयिलादुथुरै • श्री नागनाथ स्वामी मंदिर, कीलापेरुम्पल्लम, जिला मयिलादुथुरै • सुवेथारण्येश्वर मंदिर, थिरुवेनकाडु, जिला मयिलादुथुरै
24	तेलंगाना	हैदराबाद जिले के बालकमपेट में देवी येल्लम्मा मंदिर
25	उत्तर प्रदेश	चौक, लखनऊ जिला में आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्री काली मंदिर
26	उत्तर प्रदेश	ब्रज, मथुरा जिले के तीर्थ स्थल
27	उत्तराखंड	तिमर्सियन महादेव (देवनाथ), जिला चमोली

3. स्वदेश दर्शन योजना की बौद्ध परिपथ, कृष्ण परिपथ, रामायण परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ और तीर्थंकर परिपथ थीमों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	**क्र. सं.**	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
आंध्र प्रदेश	1.	बौद्ध परिपथ 2017-18	बौद्ध परिपथ का विकास: शालिहुंडम-बाविकोंडा-बोज्जनाकोंडा-अमरावती-	35.24	28.19

			अनूपु		
बिहार	2.	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास	33.96	30.04
	3.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया रूट का विकास: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर	44.76	42.52
	4.	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	93.22
	5.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार पर्वत एवं अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32
गुजरात	6.	बौद्ध परिपथ 2017-18	जूनागढ़-गिर सोमनाथ-भरूच-कच्छ-भावनगर-राजकोट-मेहसाणा का विकास	26.68	22.28
हरियाणा	7.	कृष्ण परिपथ 2016-17	कुरूक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास	77.39	77.88
केरल	8.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास	47.74	28.67
	9.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ स्वामी अरनामुला का विकास	78.08	73.77
	10.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम-अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्यम- चेंबझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	66.42	42.01
मध्य प्रदेश	11.	बौद्ध परिपथ 2016-17	साँची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास	74.02	72.75
महाराष्ट्र	12.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा-तेलनखंडी- गिराड का विकास	53.96	32.04
मणिपुर	13.	आध्यात्मिक	श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय	45.34	43.04

		परिपथ 2016-17	गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बुंगशीबोडन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास		
पुदुचेरी	14.	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	कराईकल, यनम और पुडुचेरी का विकास	34.96	30.94
राजस्थान	15.	कृष्ण परिपथ 2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) एवं नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास	75.80	72.01
राजस्थान	16.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ का विकास- 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामां क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) बालाजी का विकास	87.05	72.23
उत्तर प्रदेश	17.	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	72.56
	18.	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	64.09
	19.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	अहार- अलीगढ़- कासगंज- सरोसी (उन्नाव)- प्रतापगढ़- कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डोमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास	71.91	68.32
	20.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर- कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर- अलीगढ़- फतेहपुर-देवरिया- महोबा- सोनभद्र- चंदौली-मिश्रिख- भदोही का विकास	67.51	64.14
	21.	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	115.46

	22.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03	11.43
	23.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) एवं वटवाश्नी मंदिर (डोमरियागंज) का विकास	18.30	16.81
कुल				**1375.43**	**1216.72**

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत चिह्नित स्थलों की सूची

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**चयनित/चिह्नित गंतव्य**
1.	आंध्र प्रदेश	गंडिकोटा, अरक्कू-लम्बासिंगी
2.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो, मेचुका
3.	असम	जोरहाट, कोकराझार
4.	बिहार	गया, नालंदा
5.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर, जगदलपुर
6.	गोवा	पोरवोरिम, कोलवा
7.	गुजरात	धोलावीरा, द्वारका
8.	हरियाणा	पंचकुला (मोरनी)
9.	हिमाचल प्रदेश	पौंग बांध
10.	जम्मू और कश्मीर	बशोली
11.	झारखंड	चांडिल
12.	कर्नाटक	हम्पी, मैसूर
13.	केरल	कुमारकोम, कोझिकोड (बेपोर)
14.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर, चित्रकूट
15.	महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग, अजंता-एलोरा (जिला छत्रपति संभाजीनगर)
16.	मणिपुर	मोइरांग (बिष्णुपुर)
17.	मेघालय	शिलांग, सोहरा
18.	मिजोरम	आइजोल, चम्फाई
19.	नागालैंड	निउलैंड, चुमुकेदिमा
20.	ओडिशा	'खिंडा गांव' के विशेष आकर्षण सहित कोरापुट, देबरीगढ़

21.	पंजाब	अमृतसर, कपूरथला
22.	राजस्थान	बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर
23.	सिक्किम	गंगटोक, ग्यालशिंग
24.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम, नीलगिरी
25.	तेलंगाना	भोंगीर, अनंतगिरी
26.	त्रिपुरा	अगरतला, उनाकोटी
27.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज, नैमिषारण्य
28.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़, चंपावत
29.	चंडीगढ़	चंडीगढ़
30.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप
31.	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी, कराईकल
32.	लद्दाख	लेह, कारगिल
	कुल	**57**

*****